## लोधीखेड़ा पुलिस ने की कार्यवाही, 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार

# एन एन होटल में चल रहा था देह व्यापार








हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

जिले के संतरांचल में अनैतिक गतिविधियों को संचालित करने वाले एक गिरोह को एक होटल से रेड डालकर बरामद करने का मामला सामने आया है। संतरांचल में ग्रामीण महिलाओं को इस अवैध काम में धकेलने का काम बड़ी ही तेजी से चल रहा है। बहुत लंबे समय से शिकायतें प्राप्त हो रही थी। परंतु पुलिस ने अब जाकर रेड की और आरोपियों को रंगे हाथ पकड़कर गिरफ्त में लिया।

थाना लोधीखेड़ा में रेमंड चौक के पास एन.एन. होटल में अनैतिक देह व्यापार के संबंध में मुखबिर से सूचना प्राप्त होने एवं बाद सूचना की पुष्टि होने पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक संध्यारानी सक्सेना की उपस्थिति में एवं थाना लोधीखेड़ा से उनि. सुभाष भलावी, महिला आर. मंदा उईके, आरक्षक संदीप डेहरिया, थाना सौंसर से महिला आर. स्वाति, के साथ रवाना होकर, एन.एन. होटल में देह व्यापार की सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस स्टाफ व स्वतंत्र साक्षियो (महिला) के साथ एन. एन. होटल के अंदर जाकर दबिश दी गई।

होटल में उपस्थित एक व्यक्ति ने एन. एन. होटल का मैनेजर सचिन पिता रामेश्वर निमजे उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नं. 02 सौंसर का होना बताया। होटल में विभिन्न कमरो में ठहरने वाले व्यक्तियो के संबंध में पूछताछ की गयी एवं होटल मैनेजर को साथ लेकर होटल के पृथक पृथक कमरो की तलासी की गयी जिसमें कुल 07 कमरो के अंदर एक महिला एवं एक पुरूष के कुल 07 जोडे महिला पुरूष आपत्तिजनक स्थिति में मिले बाद पृथक पृथक कमरो की तलाशी लेने पर कमरे चादर अस्त व्यस्त होकर पलंग के पास कंडोम के पैकेट मिले जिसके बारे में पूछने पर सभी कमरो में मिले पुरूषो व्दारा बताया कि काउंटर पर बैठे मैनेजर ने कंडोम मांगने पर दिया था सभी कमरो में मिले 08 पुरूष आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया एवं अन्य 01 आरोपी फरार है।

कमरो में मिले कंडोम के रेपर व कंडोम पैकेट उपस्थित गवाह के समक्ष विधिवत जप्त किया गया। एन. एन. होटल संचालक मनीष बागडे के व्दारा देह व्यापार के अनैतिक कृत्य में संलिप्त होना पाया गया है एवं आरोपियों के द्वारा होटल संचालन की आड़ में देह व्यापार किए जाना पाये जाने से अपराध क्र 464/25 धारा 3, 4, 5, 6 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

### पुलिस ने दी कार्यवाही को अंजाम

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा सुंदर सिंह कनेशके निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा नीरज कुमार सोनी के मार्गदर्शन मे तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सौसंर प्रियंका पाण्डेय के नेतृत्व मे थाना प्रभारी लोधीखेडा ए. बी. मर्सकोले एवं थाना लोधीखेडा व थाना सौंसर, महिला सेल के संयुक्त टीम गठित कर होटल मे रेड कार्यवाही कर होटलो के अलग अलग कमरो से 07 जोडे महिला पुरूष अपत्तिजनक स्थिति में मिलने पर सभी पुरूषो को अभिरक्षा मे लिया गया तथा महिलाओ की निजता का ध्यान रखते हुए विस्तृत पूछताछ कर सभी महिलाओं के परिजनो को सूचना देकर परिजनो के सुपुर्द कर रूखसत किया गया।

### घटना में जप्तशुदा सामग्री

मोटर साइकले, कंडोम के पैकेट व रेपर, मोबाइल फोन, होटल रजिस्टर

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

1. सुधाकर पिता इठोबा मुरड उम्र 61 वर्ष निवासी ग्राम मुंगनापार थाना सौंसर
2. दीपेश फुले पिता एकनाथ फुले उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम रोहना वार्ड नं. 02 तहसील नरखेड जिला नागपुर
3. प्रियांशु बनकर पिता अनिल बनकर उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम गंगतवाडा चौकी पिपलानायणवार
4. अभिषेक पिता श्रीराम खंडाईत उम्र 23 वर्ष निवासी बेरडी वार्ड नं. 07 थाना सौसर,
5. अर्जुन पिता राजकुमार करोदें उम्र 23 वर्ष निवासी सावली थाना सौसर,
6. प्रकाश पिता इलाजी गिरघुसे उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नं. 11/12 सावनेर नागपुर,
7. गणेश पिता तुलसीराम खारकर उम्र 38 वर्ष निवासी रामाकोना थाना सौसर
8. सचिन निमजे पिता रामेश्वर निमजे निवासी सौंसर जिला पांढुर्णा
9. एनएन होटल संचलक मनीष बागडे निवासी लोधीखेडा थाना लोधीखेडा

### इनकी रही भूमिका

अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सौंसर श्रीमती प्रियंका पाण्डेय, थाना प्रभारी लोधीखेडा निरीक्षक ए.बी. मर्सकोले, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक संध्यारानी सक्सेना, उनि सुभाष भलावी, सउनि दिनेश सहारे. प्रआर सुरेन्द्र बघेल, आर संदीप डहेरिया, आर इसरार खान, आर नरेश मरापे, आर मनोज कोलारे आर सुम्मत , आर., चन्द्रकिशोर रघुवंशी, महिला आर. मंदा उईके, महिला आर. स्वाति रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सचिवों के बाद अब सरपंच हो गए नाराज

पांढुर्णा। शुक्रवार को सरपंच संघ पांढुर्णा के बैनर तले सरपंचों ने जनपद पंचायत सीईओ बिंदू सूर्यवंशी पर अभद्र व्यवहार और अधिनस्थों को प्रताडित करने आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री महोदय के नाम तदाशय का ज्ञापन कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ को सौंपा। गौरतलब है कि गत 5 दिसंबर को पंचायत के सचिवों ने भी जनपद सीईओ बिंदू सूर्यवंशी के सख्त व्यवहार के खिलाफ ज्ञापन वरिष्ठ अधिकारियां को ज्ञापन दिया था। सरपंचों ने कलेक्टर को बताया कि हम सचिवों रोजगार सहायकों के समर्थन में ज्ञापन देने आए है। पत्र में बताया कि पांढुर्णा जनपद सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण को लेकर वर्तमान जनपद सीईओ की पदस्थापना के पहले कई बार प्रदेश में नंबर वन रही है। यहां सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक संतोषजनक कार्य कर रहे है इसीलिए तो यह उपलब्धि मिल पायी है। मोरडोंगरी सरपंच कैलाश पराडकर ने कलेक्टर से कहा कि सीईओ क्षेत्र में जब दौरे पर जाती है तो वहां के सचिवों को पहले ही दूरभाष पर सूखे मेवे का इंतजाम करने के निर्देश देती है। अधिकारी के डर और दबाव में सचिवों को मजबूरी में महंगी खाद्य सामग्री का इंतजाम करना पडता है।

### बड़कुही चौकी का मामला, कोर्ट में किया पेश

## आपस में लड़े युवा, पुलिस ने निकाला जुलूस, भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

11 दिसंबर गुरुवार रात करीब 9:30 बजे कुछ युवा बड़कुही बस स्टैंड क्षेत्र में आपस में लड़ पड़े । उनके बीच जमकर मारपीट हुई । जिससे नगर का माहौल दहशत भरा हो गया । इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ा और उनका जुलूस निकाला , मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया , जहां से उन्हें जेल भेजा गया । बड़कुही चौकी प्रभारी अक्रजय ने बताया , कि कुछ व्यक्तियों द्वारा दहशत फैलाने के उद्देश्य से एक दूसरे के साथ मारपीट की गई थी , जिन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर चांदामेटा थाना प्रभारी ईश्वरी पटेल के नेतृत्व में चौकी स्टाफ के साथ आरोपी अनुराग उर्फ निलेश यादव निवासी पुरानी पंचायत के पास बड़कुही , मोहम्मद जीशान निवासी रंगमंच के सामने मसानगंज बड़कुही और मोहम्मद शहजाद निवासी मसानगंज बड़कुही का नगर में जुलूस निकाला गया । उसके बाद न्यायलय में पेश किया गया । जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## राजस्व न्यायालय से शिकायत जांच प्रकरण से गायब हुई पटवारी रिपोर्ट, कर्मचारियों का बचाव करते नजर आए एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

राजस्व विभाग में राजस्व प्रकरणों में छेडछाड़ और पटवारी द्वारा बनाई गयी रिपोर्ट की अदला बदली होने के संबंध में मामला संज्ञान में आया है जिसमें कलेक्टर को की गयी शिकायत में केसरी नंदन हनुमान मंदिर सेवा समिति की ओर से आवेदक अनिल मालवी एवं अशोक सिंह चौधरी द्वारा बताया गया कि छिन्दवाड़ा , त ह सी ल न्यायालय में चल रहे शिकायत जांच के प्रकरण क्रमांक 0252/बी-121/2025-2026 में दिनांक 23/05/2025 को प्रस्तुत आवेदन में तहसीलदार छिन्दवाड़ा नगर द्वारा जारी पत्र क्रमांक 1151/2025-26 पर हुई जांच के संबंध में बनाया गया स्थल पंचनामा दिनांक 18/09/2025 जिसमें छिन्दवाड़ा पटवारी ईश्वर सिंह वर्मा और राजस्व निरीक्षक निलेश ठाकुर के हस्ताक्षर मौजूद है और आवेदक व अन्यउपस्थित लोगों के भी हस्ताक्षर है। उक्त स्थल पंचनामा को हल्का पटवारी ईश्वर सिंह वर्मा द्वारा छिन्दवाड़ा नगर तहसीलदार न्यायालय में प्रकरण में प्रस्तुत किया लेकिन उक्त स्थल पंचनामा को प्रकरण से भूमाफिया के दबाव में गायब कर दिया गया ,राजस्व विभाग में छिन्दवाड़ा तहसील में यह पहला मामला नहीं है।



विगत दिनों पूर्व फर्जी लेटर पैड जो कि एक पार्षद के लेटर पैड पर बनाकर फौती नामांतरण कराने का मामला सामने आया था इस संबंध में भी राजस्व विभाग की भूमिका संदिग्ध है आवेदकगण द्वारा बताया गया कि उक्त शिकायत प्रकरण में तहसीलदार छिन्दवाड़ा राजेश मरावी द्वारा प्रकरण से स्थल पंचनामा को गायब करवाया है मौके पर आवेदक के द्वारा हल्का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा बनाये गये स्थल पंचनामा की फोटो ली गयी थी जब न्यायालय से प्रमाणित प्रतिलिपि के लिये नकल आवेदन प्रस्तुत किया गया तो तहसीलदार द्वारा स्थल पंचनामा दिनांक 18/09/2025 प्रकरण में नहीं होने का बहाना बताकर टालामटोली करते हुये प्रमाणित प्रतिलिपि नहीं दी गयी।

इस प्रकार से राजस्व विभाग छिन्दवाड़ा की कार्यप्रणाली संदिग्ध नजर आ रही है यदि न्यायालयीन प्रकरणों से पटवारी रिपोर्ट जो कि बहुत ही जरूरी दस्तावेज है वह गायब होते है तो आम लोगों को न्याय कैसे मिलेगा इस संबंध आवेदकगण के द्वारा छिन्दवाड़ा एस.डी.एम. सुधीर जैन को भी जानकारी दी तो छिन्दवाड़ा एस.डी.एम.सुधीर जैन द्वारा कार्यवाही करवाने की वजह अपने विभाग के अधिकारी का बचाव करते नजर आये।

## एडीएम ने किया एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण



पांढुर्णा। आज एडिशनल कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने प्रशासनिक प्रक्रिया को चुस्त दुरूस्त और सुव्यवस्थित एसडीएम एवं तहसील कार्यालय एवं दोनों न्यायालयों का अवलोकन संधारित दस्तावेजों का आकस्मिक निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दिए। कुछ प्रकरणों के संधारन में खामियां पाई जाने पर एडीएम ने संबंधित लिपिकों को फटकार लगाकर कार्यशैली में परिवर्तन के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में काम करनेवाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी हासिल की। एडीएम महोदय ने निरीक्षण के दौरान दायरा पंजी, गार्ड फाईल, न्यायालयीन प्रकरणों के रिकार्ड आदि के संधारित दस्तावेजों का अवलोकन किया। एडीएम नीलमणि अग्निहोत्री ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर कामकाज में रूकावट या असुविधा ना इस बारे में करने के उद्देश्य से निर्देश दिए।

## सांसद के प्रयासों से मेडिकल कॉलेज में 24 सीनियर रेसिडेंट के पदों पर होगी सीधी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू की प्रयासों से छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज में प्री क्लीनिकल और नॉन क्लीनिकल डिपार्टमेंट में 24 सीनियर रेसिडेंट के पदों को मंजूरी मिल गई है और इन पदों का पर शीघ्र ही सीधी भर्ती की जाएगी। सांसद बंटी विवेक साहू जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और मरीजों को इलाज के लिए अच्छी से अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने केंद्र और प्रदेश सरकार के माध्यम से सतत प्रयास कर रहे हैं । उनकी एक पहल और रंग लाई है। छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज को अनुपम सौगात मिली है।



सरकार ने प्री क्लीनिकल और नॉन क्लीनिकल डिपार्टमेंट में 24 सीटें बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि इन पदों की मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने से न केवल फैकल्टी की कमी दूर होगी बल्कि मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी काफी हद तक पूरी हो जाएगी इन पदों की मदद से अनुभवी और योग शिक्षकों का साथ मिलेगा जिससे उनकी स्टडी और ट्रेनिंग बेहतर होगी। उल्लेखनीय है कि सांसद ने परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मिलकर एमबीबीएस की 50 सीटों की मंजूरी दिलाई थी। मेडिकल कॉलेज में 24 सीटों की मंजूरी देने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का आभार जताया। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर इसे नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया जा रहा है। यह निर्णय हमारी भावी पीढ़ी के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।

## करोड़ों मरीजों को मिल रहा आयुष्मान योजना का लाभ : दुबे

### 87 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ 646 मरीजों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन मे 100 दिवसीय सेवा संकल्प एवं स्वास्थ्य की श्रृंखला में कुंडा मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाम्हनवाड़ा में 87 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पुर्व विधायक पंडित रमेश दुबे और भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। शिविर के दौरान कुल 646 ग्रामीणों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें 345 महिलाएं व बालिकाएं और 301 पुरुष व युवा शामिल थे। सभी मरीजों का उपचार कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जांच के दौरान मिले 08 गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। स्वास्थ्य शिविर के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक पंडित रमेश दुबे ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी बीमारी को हल्के में ना ले उसका उचित उपचार कराये।

## शेख अल्फाज़ के इंतकाल पर नकुल-कमलनाथ ने गहन दुख व्यक्त किया

छिन्दवाड़ाः- मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने फोटो जर्नलिस्ट शेख अल्फाज़ के इंतकाल पर गहन दुख व्यक्त किया है। शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की क्षमा प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की। कमलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि शेख अल्फाज मिलनसार होने के साथ ही अपने कार्य क्षमता के लिए जाने जाते थे, उन्होंने अपना जीवन पत्रकारिता पर समिर्त करते हुए समाज का मार्गदर्शन किया है। उनका निधन दुखद है। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। नकुलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में फोटोग्राफी को नया आयाम देने वाले, हसमुख और मददगार फोटो जर्नलिस्ट शेख अल्फाज़ का निधन पत्रकारिता के क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

## सांसद खेल महोत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं हुई प्रारंभ

### सांसद के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी दिखा रहे है अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के अंतर्गत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं छिन्दवाड़ा मुख्यालय के विभिन्न खेल मैदानों में प्रारंभ हुई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जिलें सहित प्रदेश और देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से छिंदवाड़ा और पांढुर्ना के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है।

12 दिसंबर को जिला स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता पी.जी. कॉलेज तथा फुटबॉल स्टेडियम मैदान, लॉनटेनिस प्लेटोक्लब, कबड्डी के मैच पुलिस मैदान में खेले गये। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शुक्रवार 12 दिसंबर को परासिया, मोहखेड़, छिन्दवाड़ा, बिछुआ, तामिया जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई, चौरई, सौंसर, पाण्ढुर्णा विकासखण्ड के लगभग 1300 खिलाड़ियों व कोच मेनेजर व प्रशिक्षकों ने भाग लिया। क्रिकेट टेनिसबॉल की प्रतियोगिता संदीप मालवी, बिट्टू मंडराह के संयोजन में कलेक्ट्रेट मैदान में प्रतिदिन संचालित हो रही है। सांसद खेल महोत्सव जिला स्तरीय आयोजन के जिला संयोजक अंकित सोलंकी, श्रेय जैन, राकेश चौरसिया ने बताया कि 13 दिसंबर को कुश्ती, शतरंज, ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के संयोजक के.आर. तिवारी ने बताया कि 14 दिसंबर को पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग स्टेडियम मैदान के हॉल में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि छिन्दवाड़ा के स्थानीय खिलाड़ीयों का वजन शाम 6 बजे से तथा अन्य विकासखण्डों के खिलाड़ियों का वजन प्रातः 9 बजे से होगा। बैडमिंटन प्रतियोगिता के संयोजक जावेद खान, राकेश चौरसिया ने बताया कि 13 दिसंबर को प्रातः 9:30 बजे से 14 , 17, 19 वर्ष बालक व बालिका तथा 14 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से 19 वर्ष से अधिक पुरूष व महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

## जल संरक्षण के लिए किया गया बोरी बंधान

उमरेठ / परासिया :- उमरेठ सेक्टर क्रमांक 2 , ग्राम मेंढकी में जल संरक्षण के लिए 150 बोरी का बोरी बंधान श्रमदान से किया गया । इस अवसर पर जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने कहा , कि बोरी बंधान करने से हमारे क्षेत्र में पानी का जलस्तर बढ़ेगा । उन्होंने बताया, कि जिलेभर में यहां 35 बोरी बंधान कार्यक्रम किया गया है । आने वाले समय में तीसरा विश्व युद्ध जल के लिए होना है । इसे रोकने के लिए जल संरक्षण करना अनिवार्य है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुबेर सिंह सूर्यवंशी जनपद सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता राम प्रसाद कुमरे मंडल अध्यक्ष उमरेठ ने की । कार्यक्रम में नवचेतना पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अंकेश वाद्य ने जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए जल को व्यर्थ न बहाने का आग्रह करते हुएजल संचय का संदेश दिया । कार्यक्रम मेंदेवी सिंह राजपूत मंडल महामंत्री , अखिलेश कोटारवंशी , विकासखंड परासिया की नवांकुर संस्था के सदस्य , सेवाभाव युवा मंडल से मनेश भलावी , राधेश्याम धुर्वे , नवचेतना पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी यशवीर राज , विकासखंड की सभी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां , परामर्शदाता शंकर राम प्रजापति , नमिता सिंह , रुपेश सूर्यवंशी , पंकज अम्बेदास , मनीष कैथवास CMCLDP के छात्र छात्राएं तथा ग्राम के बच्चे एवं महिला की उपस्थिति रहीं ।

## शांति भंग के आरोप में अज्जू को भेजा जेल

छिंदवाड़ा। कुंडीपुरा पुलिस ने बाबई निवासी युवक पर की कड़ी कार्रवाई पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में अजय साहू उर्फ अज्जू पिता बेनी प्रसाद साहू निवासी बाबई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया इसके बाद उसे जेल भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार, युवक पर शांति भंग करने का आरोप था, जिसके चलते उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। जानकारी मिली है कि आरोपी अजय साहू पर पहले भी महिला संबंधी अपराध की शिकायत पुलिस तक पहुंची थी पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### जिले में पेश की सेवा की अनूठी मिसाल

## 35 वर्षों में डॉ. नायक ने किए 1 लाख सफल महिला नसबंदी ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



चिकित्सा जगत में सेवा, निष्ठा और अभूतपूर्व सफलता का एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। डॉ. अजय कुमार नायक, जो वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के पूर्व प्रमुख्य चिकित्सा सेवाएं (सीएमएस) रह चुके हैं औरसेवानिवृत्त के बाद वर्तमान में परासिया स्थित 'सेवादूत हॉस्पिटल' के संचालक हैं।

उन्होंने अपने 35 वर्ष लंबे शानदार करियर में दूर दराज ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र में कैंप द्वारा एक लाख महिला नसबंदी ऑपरेशन (एलटीटी) पूरे कर एक बड़ा मील का पत्थर पार कर लिया है। गौरतलब है की इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए डॉ. नायक को वेंकोली अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक (सीएमडी) करीब बीस बार, कलेक्टर छिंदवाड़ा द्वारा दो बार एवं बीसीसीएल धनबाद के कार्मिक निर्देशक द्वारा एक बार सम्मानित किया जा चुका। परंतु यह देखना बाकी है कि भारत सरकार, डॉ.नायक द्वारा किय गए इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में असाधारण कार्य के लिए उनको कब सम्मानित करती है। यह उपलब्धि केवल एक आंकड़ा ही नहीं, बल्कि हजारों लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव, उनकी सेहत और उनके परिवारों की मुस्कान की गाथा है। डॉ. नायक का यह सफर असाधारण समर्पण और सतत अभ्यास का प्रतीक है।

**एक अनुभवी सर्जन का सफरः** डॉ.अजय कुमार नायक ने अपने करियर की शुरुआत कोल इंडिया की इकाई पाथारखेड़ा डब्ल्यूसीएल में की, उन्होंने लंबे समय तक चिकित्सा महिला विशेषज्ञ के रूप में कार्य कर हज़ारों कर्मचारियों और उनके परिवारों की सेहत की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से सामान्य सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी , निशांतन दंपत्ति का इलाज और अन्य जटिल ऑपरेशन में अपनी विशेषज्ञता का लोहा मनवाया।

**सेवादूत हॉस्पिटलः सेवा का नया केंद्रः** वेंकोली से सेवानिवृत्ति के बाद डॉ. नायक ने अपनी सेवाओं का दायरा और विस्तार किया और परासिया में 'सेवादूत हॉस्पिटल' की स्थापना की। यह अस्पताल उनके ₹सेवा ही धर्म है₹ के सिद्धांत को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र के लोगों के लिए एक विश्वसनीय चिकित्सा केंद्र बनकर उभरा है। यहां उनकी अगुआई में कुशल चिकित्सकों और आधुनिक सुविधाओं के साथ मरीजों को उच्च स्तरीय इलाज मिल रहा है।

**एक लाख ऑपरेशनः** संख्याओं से परे का अर्थःइस ऐतिहासिक उपलब्धि पर डॉ. नायक ने कहा, ₹यह आंकड़ा मेरा नहीं, उन सभी रोगियों और मेरे पूरे चिकित्सा दल का है, जिनके विश्वास और सहयोग ने यह संभव बनाया। प्रत्येक ऑपरेशन एक नई चुनौती और एक जीवन को बेहतर बनाने का अवसर होता है। मेरा हमेशा से यही प्रयास रहा है कि हर मरीज को सर्वोत्तम और सस्ती चिकित्सा सुविधा मिले।

## नपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष ने जमीन की मद परिवर्तन के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# छोटे-बड़े पेड़ की जमीन पर रहने वालों को नहीं मिल रहे पट्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर में नागरिकों को पट्टे देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार सर्वे करा रही है , लेकिन छोटे - बड़े झाड़ की जमीन पर रहने वालों को पट्टे नहीं मिल पा रहे है । इसी सिलसिले में शुक्रवार को परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय और भाजपा के शहरी मंडल अध्यक्ष दविंदर बल्लू नागी , सभापति नरेंद्र विश्वकर्मा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञापन में जमीन का मद परिवर्तन करने की मांग की गई है । जिससे नागरिकों को पट्टे मिल सके और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उन्हें मिल सके ।ज्ञापन में कहा गया, कि बीते पचास सालों से लोग इस जमीन पर निवासरत है , लेकिन सरकारी रिकार्ड में ये छोटे - बड़े झाड़ की जमीन है । जिसके चलते लोगों को पट्टे नहीं मिल पा रहे है । पट्टे नहीं होने से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय और भाजपा मंडल अध्यक्ष दविंदर बल्लू नागी ने अलग अलग ज्ञापन सौंपे । एसडीएम से मद परिवर्तन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का आग्रह किया । गौरतलब है , कि परासिया में डब्ल्युसीएल , रेलवे और वन विभाग की जमीन पर लोग अतिक्रमण कर निवास कर रहे हैं । शासकीय भूमि परासिया में नहीं है । जो भूमि है वो बड़े छोटे झाड़ की है । इस भूमि का मद परिवर्तन हो जाएगा तो शहर का विकास होगा और नागरिक पक्के अधिकृत मकानों में बिना परेशानी के रह सकेंगे ।

### आवासहीनों और वेकोलि की भूमि पर रहने वालों को भी मिले पट्टे

इधर नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर आवासहीनों और वेकोलि की भूमि पर रहने वालों को भी पट्टा दिए जाने की मांग रखी है । उन्होंने कहा कि परासिया शहर में अधिकांश भूमि वेकोलि की है और अधिकांश लोग वेकोलि की भूमि पर ही निवास करते हैं । पूर्व मुख्य मंत्री कमलनाथ ने वेकोलि क्वाटरों में रहने वाले लोगों को पट्टा दिलाने सर्वे कराया था , उनका पुनः सर्वे कराकर पट्टा दिलाया जाए ।

### जनपद में हुई दो बैठकें, दी योजनाओं की जानकारी



**पांढुर्ना।** यहां जनपद कार्यालय में आज सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठकें संपन्न हुई। बैठक में विभागों की विभागवार समीक्षा की गई। विद्युत विभाग ने अपनी योजनाएं, स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सा योजनाएं और ग्रामपंचायतों को दी जा रही सुविधाओं को विस्तारपूर्वक बताया। इसी क्रम में जलजीवन मिशन विभाग द्वारा नल योजना में स्वीकृत किए गए कार्यों के विषय में जानकारी दी गई। उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधों की गुणवत्ता सुधारने हेतु क्या प्रयास किए और पंजीकरण कैसे किया जाए, इसकी जानकारी दी। वन विभाग प्रमुख ने बताया कि बांस रोपण योजना का लाभ अधिकाधिक रूप से कैसे ले सकता यह बताया। वन विभाग ने अपनी अन्य योजनाओं के बारे में भी बताया। कृषि विभाग एवं महिला बालविकास विभाग द्वारा आज की सभा में जरूरी जानकारी दी गई। टेमनीशाहनी एवं शेंदूरजना जलाशय को मत्स्यपालन हेतु 10 वर्षीय लीज पर दिए जाने का प्रस्ताव आज की सभा में लिया गया।

## मुल्क राज आनंद जन्म जयंती समारोह पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के अंग्रेजी विभाग द्वारा भारत के प्रतिष्ठित साहित्यकार मुल्क राज आनंद की जन्मजयंती हर्ष और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य उनके जीवन, साहित्यिक योगदान और सामाजिक चेतना को विद्यार्थियों तक पहुँचाना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जहाँ संचालक डॉ रश्मि नागवंशी ने सभी अतिथियों, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि "साहित्य केवल लिखा नहीं जाता, उसे जिया जाता है।" इसी विचार के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया। प्रचार्य डॉ ए के तांडेकर ने ज्ञान, सत्य और विवेक के प्रतीक इस परंपरा का सम्मान किया।इसके पश्चात मुल्क राज आनंद के जीवन और कृतित्व पर संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। उनके प्रसिद्ध उपन्यास कूली, अछूत, द प्राइवेट लाइफ ऑफ एन इंडियन प्रिंस आदि का उल्लेख करते हुए बताया गया कि वे केवल लेखक ही नहीं, बल्कि सामाजिक सुधारक और मानवतावादी चिंतक भी थे, जिन्होंने समाज के शोषित वर्ग की पीड़ा को अपनी लेखनी का केंद्र बनाया।इसके उपरांत भाषण एवं प्रेजेंटेशन सत्र आयोजित हुआ, जिसमें महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की छात्रा तृप्ति, अंजलि, वर्षा, पिंकी, ज्ञान दास, खुशी, बरखा, आयुषी ने मुल्क राज आनंद के जीवन, विचारों और साहित्यिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उपस्थित जनों ने इस सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। मानव गरिमा और करुणा पर आधारित कविता वाचन हुआ, जिसके बाद कूली/अछूत उपन्यास से एक नाट्य पाठ प्रस्तुत किया गया। दोनों प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। समारोह के अगले भाग में मुख्य अतिथि प्रो आर के चंदेल ने भारतीय अंग्रेजी साहित्य पर मुल्क राज आनंद के प्रभाव और उनकी प्रगतिशील सोच पर अपने विचार साझा किए। अंत में प्रोफेसर मोहम्मद आबिद द्वारा आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि हमें मुल्क राज आनंद की करुणा, सत्यनिष्ठा और साहित्य के प्रति समर्पण की भावना को अपने जीवन में उतारना चाहिए, क्योंकि साहित्य समाज को बदलने की शक्ति रखता है। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और उपस्थित सभी लोगों ने इसे प्रेरणादायक एवं सार्थक बताया।

## श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन में ज्ञानेश्वर विश्वकर्मा को राष्ट्रीय सहसचिव की जिम्मेदारी



**जुन्नारदेव।** श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन में नई ऊर्जा का संचार करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने जुन्नारदेव छिंदवाड़ा निवासी ज्ञानेश्वर (सूरज) विश्वकर्मा को राष्ट्रीय सहसचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के माध्यम से प्रदेश कार्यालय गंजबासौदा से राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री रामराज विश्वकर्मा द्वारा की गई। ज्ञानेश्वर (सूरज) विश्वकर्मा के राष्ट्रीय सहसचिव बनाए जाने से संगठन की गतिविधियों में न सिर्फ विस्तार होगा, बल्कि देशभर के विश्वकर्मा समाज के बीच एकता, समन्वय और संगठनात्मक मजबूती को भी नई दिशा मिलेगी।संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि ज्ञानेश्वर सूरज विश्वकर्मा अपने नए पद पर पूर्ण निष्ठा, समर्पण और दक्षता के साथ कार्य करते हुए संपूर्ण भारत के विश्वकर्मा बंधुओं को एक माला में पिरोकर संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे। नई जिम्मेदारी मिलने पर समाजजनों एवं क्षेत्रवासियों ने भी उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं और संगठन द्वारा किए गए इस निर्णय की सराहना की है।

## नगर भाजपा की क्रमिक भूख हड़ताल खत्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन में व्याप्त पानी की और विभिन्न समस्याओं को लेकर शुरू हुई नगर भाजपा की भूख हड़ताल 3 दिन शुक्रवार को समाप्त हो गई ।विगत 3 दिनों से भारतीय जनता पार्टी नगर न्यूटन के द्वारा नगर परिषद न्यूटन की कार्य प्रणाली , दूषित पेय जल की सप्लाई , पानी की आपूर्ति नहीं होने , निर्माण कार्य में अनियमितता जैसी समस्याओं के विरोध में जो क्रमिक भूख हड़ताल चल रही थी वह समाप्त हो गई है ।

इस हड़ताल के प्रथम दिन जब यह बात सांसद विवेक बंटी साहू के संज्ञान में आई तो उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया , कि शीघ्र समस्या का निराकरण करें , भाजपा जिला अध्यक्ष शेष राव यादव ने भी अधिकारियों से इस मामले में चर्चा की , जिसके परिणाम स्वरूप शुक्रवार को छिंदवाड़ा नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर, जो न्यूटन के प्रभारी सी एम ओ हैं , वे न्यूटन अनशन स्थल पर आए और आंदोलनकारियों से चर्चा की । उनकी सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया । जिसके बाद अनशनकारी हड़ताल समाप्त करने पर राजी हुए । सी एम ओ के द्वारा नियमित पानी सप्लाई करने , शुद्ध पानी देने , निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने का लिखित आश्वासन दिया गया।

पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पोफली , अरुण कपूर , भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी, सुखनंदन जवारे , श्री चंद पटेल की विशेष उपस्थिति में हड़ताल पर बैठे भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष ब्रजेश त्रिवेदी (सोनू पंडित) और पार्षद राहुल सराठी को जूस पिला कर हड़ताल समाप्त कराई गई ।

इस अवसर पर इंद्रपाल साहू , राहुल महेश सोमकुंवर , हरि आठनकर , अक्षय दीप (बिट्टू) भनारिया , श्याम श्रीवास्तव , नितिन जायसवाल , रमेश साहू शिवनाथ कनौजिया , अश्वनी यदुवंशीb, दीपक , रवि सोनवंशी , लाला भाई , सुंदर सोनी , रूपेंद्र डहरिया , राजेंद्र यादव , रूपेश एरपाची , राकेश साहू

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग की बैठक सुकरी हनुमान मंदिर में संपन्न



**जुन्नारदेव।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला परासिया की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जुन्नारदेव नगर के प्राचीन सुकरी स्थित श्री हनुमान मंदिर में किया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी ने मंचाशीन विभाग मंत्री ऋषिराज वैश्य, जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह भामरा, विभाग संयोजक शैलेष यदुवंशी, जिला मंत्री गोलू सूर्यवंशी, जिला संयोजक राधेश्याम यदुवंशी का स्वागत किया। बैठक मे जिला मंत्री गोलू सूर्यवंशी ने दिनांक 15 दिसंबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 तक धर्मरक्षा निधी संकलन अभियान चलाया जाने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। विभाग मंत्री ऋषिराज वैश्य ने राष्ट्रीय संयोजक बजरंग दल नीरज दोनेरिया के छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान दिनांक 28/12/2025 को शौर्य यात्रा मे सम्मिलित होने की जानकारी दी एवं शौर्य यात्रा मे बजरंग दल कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या मे उपस्थिति देने की अपील की। विभाग संयोजक शैलेष यदुवंशी ने शौर्य यात्रा मे ग्रामीण, नगरीय एवं जिला कार्यकर्ताओं के एकत्रीकरण संबंधित कार्ययोजना से अवगत कराया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश वर्मा, जिला सहमंत्री प्रकाश विश्वकर्मा, गौरक्षा प्रमुख गजानंद यदुवंशी, जिला विद्यार्थी प्रमुख संदेश यदुवंशी, जिला सहसंयोजक अक्षय सिंह सेंगर, जिला सह संयोजक गगन साहू, नगर संयोजक आयुष साहू न्यूटन, सतीश वर्मा प्रखंड गौरक्षा प्रमुख, प्रखंड मंत्री नितिन नागेश, बलराम यदुवंशी, राज कैथवास, गोलू चौकसे, राहुल आम्रवंशी, श्रीकांत रगड़े , सौरभ नागवंशी, सतीश वर्मा, मनेश पटेल, अभिषेक यदुवंशी, अखलेश विश्वकर्मा, आयनेश चौकसे, अंकुर सोनी, अमन हनवेती, नंदकिशोर यदुवंशी, बाला यदुवंशी, आशीष यदुवंशी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा सुशांत हुद्दार साहब प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल नेतृत्व में 13 दिसंबर को जिला न्यायालय छिंदवाड़ा सहित तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, तामिया एवं हर्रई में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला एवं तहसील मुख्यालय में कुल 39 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जिनके द्वारा न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा।

## एमएलबी हॉस्टल में इनरव्हील क्लब द्वारा इंस्टॉल की गई सैनेटरी डिस्पोज़ल मशीन

**छिंदवाड़ा।** क्लब अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई की अध्यक्षता में इनरव्हील क्लब ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सैनेटरी डिस्पोजल मशीन को महारानी लक्ष्मी बाई के गर्ल्स होस्टल में इंस्टॉलेशन किया। यहां मशीन इनर व्हील सदस्य हिना केदार शाह और डॉ. भाविन शाह द्वारा लगवाई गई, इस मशीन के लगने से स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी और महिलाओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित सुविधाओं का लाभ मिलेगा साथ ही उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए पानी के नलों हेतु छनना टोटी भी प्रदान की गई। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया, यह नाटक एमएलबी की छात्राओं द्वारा प्राचार्य अलका श्रीवास्तव, मंसूरी मैडम एवं उनकी टीम द्वारा तैयार किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात डीएसपी आर. पी. चौबे रहे उन्होंने बहुत ही सुंदर तरीके से यातायात के नियमों को समझाया वहीं विशिष्टि अतिथि नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने इनरव्हील क्लब की सराहनीय पहल का स्वागत किया ओर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## मध्य प्रदेश सरकार नक्सली जोन बालाघाट में नक्सलवाद समाप्ति की राजपत्र में घोषणा करें: पूर्व विधायक समरिते

हरिभूमि न्यूज लांजी।



संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने अपने जारी बयान में कहा कि मध्य प्रदेश का बालाघाट जिला, मंडला और डिंडोरी जो पुलिस नक्सली जोन बालाघाट कहलाता है। यह नक्सली जोन पूर्णतः नक्सलवाद से मुक्त हो गया है इसकी आधिकारिक घोषणा डीजीपी ने बालाघाट के आईपीएस अधिकारियों, राज्य के सरकार के प्रतिनिधि बालाघाट कलेक्टर की उपस्थिति में कर दी। श्री समरीते ने इस कार्य के लिए पुलिस एवं राज्य शासन को बधाई दी इसके साथ साथ यह भी कहा कि बालाघाट नक्सली जोन में नक्सलवाद खत्म हो गया है। तो इस नक्सली जोन में शामिल सभी विधायकों, पूर्व विधायकों, सांसद, पूर्व सांसद, मंत्री, पूर्व मंत्री, सारे आईएएस अधिकारी एवं आईपीएस अधिकारियों की सुरक्षा में लगे 100 से अधिक जवानों को उनकी सुरक्षा से हटा लेना चाहिए। साथ ही बालाघाट नक्सली जोन को भंग कर इस जोन में पदस्थ पुलिस अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय वापस बुला लेना चाहिए। श्री समरीते ने यह भी कहा कि नक्सलवाद पश्चिम बंगाल की नक्सलबाड़ी गांव से शुरू हुआ था जिसे पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने भी जड़ से खत्म कर दिया था तथा अधिकृत सूचना जारी कर दी थी कि पश्चिम बंगाल नक्सलवाद मुक्त हो गया। किंतु बाद में यह नक्सलवाद 9 राज्य और 67 लोकसभा क्षेत्रों तक फैल गया। नक्सलवाद के दामन पर जितनी राशि भारत सरकार एवं राज्य सरकार ने खर्च की उतनी बड़ी राशि चीन से एक बार युद्ध लड़ा जा सकता था। यह राशि भारत की कुल जीडीपी की 1.7 है जो बहुत ही बड़ी धनराशि है जो सरकार की असफ लता को दर्शाती है। श

री समरीते ने यह भी कहा कि भारत पाकिस्तान के बीचे कश्मीर समस्या भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 से 2025 तक धारा 370 हटाने के बाद भी हल नहीं हो पाई है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 से 2025 तक धारा 370 हटाने के बाद भी हल नहीं हो पाई। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की फ ौज (यूएनएमओजीआईपी) को अब तक तैनात करके रखा गया है। राज्य सरकार को नक्सलवाद समाप्ति की अधिकृत घोषणा राज्य सरकार के राजपत्र में प्रकाशित करना चाहिए तथा नक्सली जोन बालाघाट को भंग करना चाहिए तथा सभी नक्सलवाद के खतरे के साये में जी रहे सभी जनप्रतिनिधियों एवं सभी आईएएस, आईपीएस पुलिस अधिकारियों के बंगलों में तैनात सुरक्षा कर्मियों को हटाकर जनता की सुरक्षा में थानों में पदस्थ करना चाहिए।

## जलसंरक्षण: बोरी बंधान कर जल सहेजकर रखने की जरुरत

### बिठली के हर्रा नाला में किया गया बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज उकवा।



जलसंरक्षण को लेकर सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन व जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में विकासखंड बैहर अंतर्गत बिठली के हर्रा नाला में बोरी बंधान कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति व नवांकुर संस्था आर्याय जन कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चलाए जा रहे जल संचय अभियान अंतर्गत अपने-अपने ग्रामों में नदियों में बहते पानी को रोककर भू जल स्तर में वृद्धि, मवेशियों के लिए पेयजल की व्यवस्था एवं ग्राम वासियों के हा लिए ग्रीष्म काल में भी निस्तार के लिए जल की उपलब्धता बनाए रखने के लिए नदियों में बोरी बंधान निर्माण कार्य किया गया एवं आम जनों को जल संरक्षण संवर्धन के लिए जागरूक किया जा रहा है।

**जल चौपाल में दी गई जानकारी:** इस अवसर पर परामर्शदाता शिवनाथ यादव की उपस्थिति में ग्राम बिठली में जल चौपाल व नाले में बोरी बंधान किया गया। जिसमें वक्ताओं ने बताया कि पानी बचाने का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाना है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम छोर के वंचित लोगों तक पहुंच कर उन्हें लाभान्वित करने तथा जल संरक्षण संवर्धन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि को लाभकारी बनाने, स्वच्छता, नशा मुक्ति आदि विषयों पर जागरुक करना चाहिए तथा हमें भौतिकता की ओर अनावश्यक अंधी दौड़ न लगाकर अपने आप को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सक्षम बनाना है। इस अवसर पर नवांकुर संस्था आर्याय जन कल्याण समिति अध्यक्ष राजीव परते, सरपंच बिठली मालती उइके, समाज सेवी उकवा संदीप गजभिये, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष अरविंद हरिन्द्रवार, उषा हरिन्द्रवार, कविता हरिन्द्रवार मेंटर शिवनाथ यादव, सुरेश यादव,आकांक्षा तेकाम एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र संदीप गजभिये, विमल भावे, अभय यादव, कुलदीप अजित , अर्पिता यादव, पीहू हरिंद्रवार,अविका यादव, पूर्णिमा राहंगडाले ,ज्योति वरकड़े अन्नपूर्णा बारेकर व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 10 दिसम्बर को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ अन्तर्गत एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व में किया गया।

इस एक दिवसीय शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती दिव्या सिंह प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड वारासिवनी एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्रीमती स्वाति श्रीवास्तव उपस्थित रही। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

### बैठक में बनाई गई आयोजन की रुपरेखा

## दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव आज से



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** आज 13 दिसम्बर से आयोजित होने वाले दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव 2025 के आयोजन व उसकी रुपरेखा बनाने के संबंध में स्थानीय तहसील कार्यालय वारासिवनी के सभा कक्ष में एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल आईएएस एवं बालाघाट प्रभारी जिला खेल अधिकारी अभिषेक चौधरी एसडीओपी वारासिवनी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत वारासिवनी की सीईओ दीक्षा जैन, नगरपालिका सीएमओ सूर्यप्रकाश उके, सांसद खेल प्रभारी शैलेन्द्र सेठी सहित अन्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में विचार विमर्श के बाद विभिन्न खेलों के तकनीकी एवं अनुभवी खेल विशेषज्ञों के साथ खेल प्रभारी नियुक्त किए गए। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 13 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से स्टेडियम मैदान व इंडोर स्टेडियम में रस्साकसी, फुटबाल, व्हालीवाल, कुश्ती, शतरंज, हॉकी, बैंडमिंटन, एथेलेटिक्स आ प्रतियोगिताओं का विधानसभा स्तर का प्रथम चरण चयन ट्रायल प्रतियोगिता होगी। वहीं दूसरे दिन 14 दिसम्बर को कबड्डी एवं कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इन प्रतियोगिताओं में चयनित टीमें व प्रतिभागी बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र में आयोजित प्रतियोगिताओं में वारासिवनी विधानसभा का प्रतिनिधित्व करेगे।

## ग्राम टेकरी में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



आत्मा समिति एवं कृषि विभाग लांजी द्वारा ग्राम टेकरी, विकासखंड लांजी, जिला बालाघाट में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण किसानों को प्राकृतिक खेती, फसल चक्र, पोषक तत्व प्रबंधन और अन्य कृषि-संबंधी तकनीकों से परिचित कराना था।

प्राकृतिक खेती एवं बीज शोधन- नमक-पानी के घोल से बीज शोधन की विधि का डेमो।-जीवामृत एवं बीजमृत तैयार करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन।रासायनिक खेती के हानिकारक प्रभाव- रासायनिक उर्वरकों से मृदा, जल और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले जोखिमों की विस्तृत जानकारी।फसल चक्र एवं रोग-प्रबंधन- फसल चक्र अपनाने से उत्पादन बढ़ाने और रोग-प्रतिरोधक क्षमता में सुधार के लाभ।पोषक तत्व प्रबंधन- पराली प्रबंधन, डीएपी एवं एनपीके के सही उपयोग की तकनीक।उद्यान एवं जल प्रबंधन- ड्रिप इरिगेशन, स्प्रिंकलर और अन्य जल-संचयन योजनाओं की जानकारी।पशुपालन एवं मत्स्य पालन- गौधन, उच्च नस्ल की पशुओं का प्रजनन, टीकाकरण एवं रोग-निराकरण।-मछली पालन एवं सिंघाड़े की खेती के लाभ।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं प्रतिनिधि-दुलीचंद राजनीरे*, जिला पंचायत सदस्य (मुख्य अतिथि)-टूमन घोरमारे*, कृषि स्थायी समिति के सभापति-दिनेश लाडे*, जनपद सदस्य-प्रभुदयाल किर्मे*, सरपंच, ग्राम टेकरी- गणेश बागड़े*, सरपंच, पूर्वाटोला-अशोक नरताम, पूर्व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारीकृषि सखियों की भागीदारीश्रीमती ओमेश्वरी बनसोड, लीला रहगंडाले, यशवंती माहुले, लीना दशहरे, निशा माहुले, निशा मसखरे, रूपा कंकरायने, रूपा उइके, सुभद्रा कोठरे आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## ग्राम घोटी में भूमिपूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन




### डोंगरमाली से घोटी तक सड़क के निर्माण के लिए विधायक विवेक पटेल ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम घोटी में शुक्रवार 12 दिसंबर को वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली डोंगरमाली से घोटी तक करीब 12 . 65 किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण कार्य करने हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल सहित अन्य अतिथि भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर अपने हस्ते सड़क का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक विवेक पटेल ने कहा की क्षेत्र का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र में अनेक विकास कार्य की सौगात दि गई है।जिससे वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र का विकास होगा। इस सड़क के निर्माण होने से आवाजाही में सहूलियत होगी,सुविधाजनक सफर होगा और विकास की रफ्तार बढेगी ,क्षेत्र के विकास और तरक्की के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।, इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे ने डोंगरमाली से घोटी तक सड़क निर्माण की स्वीकृत लाने के लिए विधायक विवेक पटेल की सहराना की । उन्होंनो कहा की विधायक के द्वारा क्षेत्र के विकास और तरक्की के लिए अनेक विकास कार्यो की सौगात दि गई जिससे निश्चित तौर से प्रगति होगी। सड़क बनने से ग्रामीणजनो को सड़क की समस्या से निजात मिलेगी,विकास होगा और महाराष्ट्र की ओर आवागमन बढ़ेगा ,सडक का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए यह बात भी कही गई। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच नरेंद्र ठकरले ने गांव की समस्याओ से अवगत करते हुए ग्राम विकास के लिए निर्माण कार्य स्वीकृत कराने की मांग विधायक महोदय से रखी। इस अवसर पर वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल, खैरलांजी जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, ग्राम सरपंच नरेंद्र ठकरेले, पूर्व सरपंच देवाजी पंचेशवर, तेजराम नागपूरे, महादेव ठाकरे,सहित अन्य अतिथीगण एंव ग्रामीण तथालोकनिर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे ।

**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 17 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आई.टी.आई. एवं स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन जिला सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं / युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन जिला सिवनी में दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा हैं।

# शासकीय वेयरहाउस धनौरा के शाखा प्रबंधक मुकेश परमार 15000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जबलपुर लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले ने बताया कि धनौरा निवासी आवेदक सुरेन्द्र जैन के नाईपिपरिया गांव स्थित जैन वेयर हाउस में धान उपार्जन व अन्य अनाज खरीदी में पर्याप्त सुविधाएं न होने की लिखा-पढ़ी वरिष्ठ अधिकारियों को ना करने के बदले आरोपित सहायक गुणवत्ता नियंत्रक मुकेश परमार ने 25 हजार रुपये मांगे थे।

**हरिभूमि न्यूज /धनौरा।**

धनौरा वेयरहाउस के शाखा प्रबंधक मुकेश परमार ?15,000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार हुए है मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन, धनोरा के शाखा प्रबंधक मुकेश परमार को ?15,000 की रिश्वत लेते हुए



लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है, धनोरा निवासी सुरेंद्र जैन (पप्पू ) जिनका धनोरा मुख्यालय के महज 3 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम नाई पिपरिया में जैन वेयरहाउस है जिसके चलते मुकेश परमार के द्वारा सुरेन्द्र जैन से धान खरीदी केंद्र बनाए जाने के एवज में शाखा प्रबंधक द्वारा 25 हजार रुपए मांगे गए थे लेकिन सुरेन्द्र जैन के द्वारा 15 हजार में बात तय की गई थी। शिकायत के बाद लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाकर वेयरहाउस में ही कार्रवाई को अंजाम दिया। धनोरा मुख्यालय में लगातार दो माह के भीतर यह दूसरी कार्यवाही की गई है।

# पत्नी की हत्या करने वाले पति का शव मिला कुंआ मे, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच मे लिया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 10/12/2025 को थाना बरघाट मे जरिये मोबाईल के ग्राम कोटवार तामसिंह पाटिल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बम्हनी मे फगलाल जामरे के खेत की मेड के पास ग्राम बम्हनी की रहने वाली सरस्वती पति नितेन्द्र जामरे का शव पडा है जो मौके पर पहुंचकर तस्दीक की गई एवं ग्राम कोटवार की रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 76/2025 धारा 194 बी.एन.एस.एस. का कायम कर जांच मे लिया गया। मृतिका नवविवाहिता होने से मर्ग की जांच एसडीओपी. महोदय बरघाट के द्वारा की गई एवं जांच पर आये तथ्यो से पाया गया कि आरोपी नितेन्द्र उर्फ मिथुन पिता नरेश जामरे उम्र 26 साल निवासी बम्हनी मरारीटोला के द्वारा अपनी पत्नी मृतिका सरस्वती को दहेज कम लाई है कहकर मानसिंक रूप से प्रताडित करते रहता था एवं मृतिका गर्भवती थी जो मेरा बच्चा नही है कहकर चरित्र पर संदेह करता था जो इन्ही कारणो के चलते आरोपी नितेन्द्र उर्फ मिथुन ने मृतिका सरस्वती की गला दबाकर हत्या किया एवं शव को ठिकाने लगाने हेतु ग्राम के फगलाल जामरे के खेत मे फेक दिया जो आरोपी के विरूध्द धारा 80 (1), 103(1), 238(ए) बीएनएस. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।
घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील कुमार मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी मोहनीश बैस थाना बरघाट के द्वारा थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर फरार आरोपी नितेन्द्र जामरे की लगातार तलाश पतासाजी की गई जो पतासाजी के दौरान आज दिनांक 12/12/25 को आरोपी नितेन्द्र जामरे का शव ग्राम बम्हनी मे जहां मृतिका का शव मिला था से कुछ दूरी पर कुंआ के पानी में मिला है। जो मृतक के शव की पंचनामा कार्यवाही कर पीएम. कराया गया है एवं मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## शहर में चल रहे बिना बीमा, बिना फिटनेस के वाहन

# परिवहन विभाग की कार्यवाही:67 वाहनों की जांच, 1.23 लाख की वसूली

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में 04 से 11 दिसंबर 2025 तक अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय सिवनी द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान 67 वाहनों की जांच की गई और 23 वाहनों से कुल 1,23,500 रुपये का समन शुल्क/जुर्माना वसूला गया।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

इसी क्रम में वाहन एमपी19 टी 3263 बिना बीमा संचालन पर 3,000 रुपये समन शुल्क, एमएच31 सीबी 7466 ओवरलोड मिलने पर 10,000 रुपये जुर्माना, एमपी22 एए 3622 व एमपी49 एए 1514 नियम विपरीत संचालन पर 6,000 रुपये जुर्माना, एमपी20 एचए 0345ः बीमा व फिटनेस न होने पर 6,000 रुपये, बिना पंजीयन ट्रैक्टर संचालन पर 3,000 रुपये दंड एवं अन्य 18 वाहनों से 95,500 रुपये वसूले गए।

परिवहन अधिकारी द्वारा बताया गया कि सडक़ सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जांच अभियान जारी रहेगा। साथ ही लोगों से अपने वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगाने की अपील की गई है।

# आबकारी विभाग ने कार्यवाही कर जप्त की 72 बोतल विदेशी शराब

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी विनोद खटीक के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



इसी क्रम में विभाग की टीम ने धारना क्षेत्र से सिवनी आ रही एक मारुति वैगन आर कार से छह पेटी विदेशी शराब जब्त की है। जिला आबकारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि गश्त के दौरान विभाग को सूचना मिली थी कि एक लाल रंग की वैगनआर कार में अवैध शराब बरघाट या सिवनी लाई जा रही है।
जानकारी मिलते ही टीम ने तुरंत बरघाट की ओर दबिश दी और सेलुआ टोल नाका के पास वाहन क्रमांक MP 04 CF 6483 को रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान कार से छह पेटियों में कुल 72 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई, जिसकी मात्रा 54 बल्क लीटर है।
जब्त शराब में बकार्डी ब्लैक रम, मैकडॉवेल नंबर-1 रम, रॉयल स्टैग व्हिस्की, माइलस्टोन ब्लू व्हिस्की और ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की की कुल 72 बोतलें शामिल हैं। कार और शराब को जप्त कर आरोपी एहसान खान (पिता शेख जमील), उम्र 32 वर्ष, निवासी अमान गंज वार्ड नंबर 15 बरघाट के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।
जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपये बताई गई है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रणय श्रीवास्तव, उप-निरीक्षक खुशबू प्रिया मरावी, मुख्य आरक्षक तीरथ सिंह, आरक्षक लेखसिंह टेकाम, आनंद मरावी, संत राम मरावी और मुकेश अहिरवार शामिल रहे।

# बिजली कटौती, लो वोल्टेज को लेकर परेशान किसानों ने विद्युत मंडल का किया घेराव

**किसान बोले मजबूर किया जा रहा है ट्रांसफार्मर लगाने**

**छोटे से गांव में 35 से 40 ट्रांसफार्मर लगवाए फिर भी समस्या बरकरार**

**बादलपार के कनिष्क यंत्री प्रमोदकरोले एवं विद्युत ठेकेदारों के बीच चल रहा है कमीशन का खेल**

**अगर भार नहीं है तो क्यों लगाया जा रहा है जबरन ट्रांसफार्मर**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



बादलपार विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले कर्माझिरी फीडर के ग्राम आमटपानी ,टेवनी, विजयपानी, परासपानी, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता आज लोड सेटिंग, अघोषित विद्युत कटौती, लो वोल्टेज के चलते आज बादल पर वितरण केंद्र पहुंचकर हंगामा किया एवं किसानों ने बताया कि हाल ही में किसानों ने अपने खेतों में गेहूं की बोवनी कर चुके है जिससे अभी सिंचाई की सख्त आवश्यकता है लेकिन विद्युत मंडल की तानाशाही रवैया के चलते 24 घंटा में 2 घंटे भी सही बिजली नहीं मिल पा रही है इसी बीच बार-बार विद्युत की कटौती ट्रिपिंग हो जाती है किसने की मोटर भी चल रही है जिससे सिंचाई में असुविधा हो रही है जिसे लेकर बादल पार के कनिष्ठ एंट्री प्रमोद करोले को समस्या को लेकर बातचीत करना चाहते हैं लेकिन फोन भी नहीं उठा पाए यहां तक की अधिकारी एवं ठेकेदार के बीच में कमिशन का जम के खेल हो रहा है किसानों को जबरन लोड के नाम से ट्रांसफार्मर लगाने की समझाइए दी जा रही है आगे बताएं कि छोटे-छोटे गांव में भी किसानों ने 30 से 40 ट्रांसफार्मर निजी लगा लिए हैं फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है आगे किसानों ने हंगामा की बाद एक लिखित शिकायत कनिष्ठ यंत्री के नाम ज्ञापान सोपा गया ज्ञापन के समय कनिष्ठ यंत्री के नहीं थे ना ही फोन उठा रहे थे किसानों ने लिखित शिकायत में कहाकी अगर तीन दिवस के अंदर समस्या हल नहीं की जाती तो उन्हें विद्युत मंडल का घेराव करने की चेतावनी दी इस दौरान रामनरेश रघुवंशी सुदेश वर्मा प्रमोद सुनील कुमार राधेश्याम रघुवंशी नितेश रघुवंशी शेर सिंह चौहान प्रेमचंद पवन वर्मा कन्हैया बंजारा सहित सैकड़ो किसान की उपस्थिति में विद्युत मंडल पावर हाउस के सामने नारेबाजी कर आक्रोश जताया

## नेशनल लोक अदालत आज

सिवनी/ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय सिवनी सहित तहसील लखनादौन, घंसौर एवं केवलारी के न्यायालय परिसर में शनिवार 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में समझौता योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक अनादरण (धारा-138 एन.आई.ए.), मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, विद्युत एवं जलकर प्रकरण, बैंक वसूली प्रकरण, श्रम विवाद, शमनीय विधिक/दाण्डिक अपीलें तथा न्यायालय में लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को रखा जाएगा। इनमें दोनों पक्षों के मध्य आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।
आयोजित नेशनल लोक अदालत में विशेष रूप से विद्युत प्रकरणों के निराकरण में नियमानुसार बड़ी छूट प्रदान की जाएगी। लंबित हैं, वे लोक अदालत में उपस्थित होकर आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं।

# जिले की बालिका किकबॉक्सिंग टीम वेस्ट ज़ोन प्रतियोगिता हेतु मध्यप्रदेश टीम चयन के लिए भोपाल रवाना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

स्पोट्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में, वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के सहयोग से एमेयोर स्पोट्र्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग सिटी लीग का अगला चरण अब भोपाल में आयोजित होने जा रहा है। सिवनी जिले की प्रतिभाशाली बालिकाएँ ईशा कमलेश, ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी, आनन्या साहू, ऐश्वर्या अवधवाल, अनुप्रिया कौरव और प्रिया बैरागी ने छिंदवाड़ा में आयोजित अस्मिता किकबॉक्सिंग सिटी लीग में अपने-अपने आयु एवं भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते थे और वेस्ट ज़ोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता हेतु मध्यप्रदेश प्रदेश टीम चयन में अपना स्थान सुनिश्चित किया था।



इन्हीं छह बालिका खिलाडिय़ों का दल अब भोपाल के लिए रवाना हो गया है, जहाँ 13 एवं 14 दिसंबर 2025 को विंग्स क्लब, लालघाटी, भोपाल में वेस्ट ज़ोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश टीम चयन का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में लगभग 500 से अधिक खिलाड़ी एवं 40 ऑफिसियल शामिल होंगे। टीम में शामिल अनुप्रिया कौरव पूर्व में राष्ट्रीय स्तर की किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। ऐश्वर्या अवधवाल भी राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में दो पदक जीतने की उपलब्धि प्राप्त कर चुकी हैं और इस बार भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु पूर्णतः तैयार हैं। ईशा कमलेश, ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी, आनन्या साहू और प्रिया बैरागी ने भी छिंदवाड़ा प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर चयन में अपना स्थान पक्का किया था।
मार्शल आट्र्स प्रशिक्षक सेंसेई निकेश पद्माकर के मार्गदर्शन में सभी खिलाड़ी चयन के लिए तैयार हैं, जबकि टीम मैनेजर योगेश नाविक दल की व्यवस्थापकीय जिम्मेदारियाँ निभा रहे हैं। इन बालिका खिलाडिय़ों की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर माननीय विधायक दिनेश राय मुनमुन जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, जिला पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस तथा जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे ने बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।मध्यप्रदेश किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष विनोद सोनडवाले एवं महासचिव श्री आशुतोष दाधीच ने भी टीम को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए सिवनी जिले की बालिका खिलाडिय़ों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 14 को वोट चोर गद्दी छोड महारैली के आयोजन में भाग लेने

# आज कांग्रेस अध्यक्ष सहित पदाधिकारी गण दिल्ली के लिए रवाना होंगे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी द्वारा लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान चलाकर लोकतंत्र विरोधी केन्द्र की भाजपा नीत मोदी सरकार के इशारे पर भारत के मुख्य चुनाव आयोग द्वारा संवैधानिक नियमों को ताक पर रख भाजपा को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ पंहुचाने की दृष्टि से वोट चोरी के कई तरह तरह के हथकंडे अपनाकर वोटरों का दमन कर चुनावी आंकडो में हेराफेरी के साथ ही संदिग्ध और अपारदर्शी मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रक्रिया ने भी लोकतांत्रित मानदंडो से छेड़छाड़ किया जाना भारत के लिए एक गहरी चिंता का विषय है। राहुल गांधी जी द्वारा जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, चुनाव आयोग से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुधार करने एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सामूहिक दबाव बनाने देश, प्रदेश और जिले में बूथ स्तर तक वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के रूप में देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है जिसके फलस्वरूप 14 दिसम्बर 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड महारैली के आयोजन में भाग लेने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में जिले की चारो विधानसभा क्षेत्र से बडी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी गण सिवनी से ट्रेन द्वारा कल 13 तारीख को दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# सीपीआर, प्राथमिक उपचार व रक्तदान को लेकर आयोजित होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम

## स्टेट चेयरमेन डॉ. कुमरे ने मेडीकल कॉलेज में बैठक ले दिए आवश्यक निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिवनी ने सिवनी मेडिकल कॉलेज में आयोजित बैठक में आगामी सीपीआर, प्राथमिक उपचार और रक्तदान प्रशिक्षण कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता डॉ. एस.एस. कुमरे, स्टेट चेयरमेन ने की। बैठक में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. परवेज सिद्धकी, रेडक्रॉस सिवनी के सचिव अरूण राय, सदस्य डॉ. बसंत राय तथा पीजी कॉलेज, जिला चिकित्सालय, जिला शिक्षा अधिकारी और जनजातीय कार्य विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।
बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थाओं और क्लबों के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम, प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता के विशेष आयोजन किए जाएंगे। इन गतिविधियों को जिला स्तरीय अभियान के रूप में चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों, युवाओं और नागरिकों तक जानकारी पहुंच सके। इसके लिए प्रशिक्षण सामग्री एक सप्ताह में तैयार करने के निर्देश दिए गए। डॉ. कुमरे ने यह भी कहा कि जिला चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम और प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, पीजी कॉलेज, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी सीनियर रेडक्रॉस और हाई स्कूल स्तर पर तथा जूनियर रेडक्रॉस का 100 प्रतिशत गठन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस से प्राप्त राशि के अनुसार गतिविधियाँ और कार्यक्रम जिला रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वय से किए जाएंगे और जूनियर एवं सीनियर रेडक्रॉस से प्राप्त राशि राज्य इकाई को भेजी जाएगी।
अंत में डॉ. कुमरे ने बताया कि सीपीआर, प्राथमिक उपचार और रक्तदान का जागरूकता प्रशिक्षण महाविद्यालयों और हायर सेकेंडरी स्कूलों के काउंसलर, स्टाफ, बच्चों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक एवं एनएमएम को दिया जाएगा, जिससे जिले के प्रत्येक गांव में लोगों तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुँचे।

## क्षेत्रीय दौरों में गाँव-गाँव में भव्य स्वागत-करोड़ों की सौगात

# क्षेत्र के विकास के लिए लड़ते रहूँगा-रजनीश सिंह

**केवलारी।** क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए मैं हमेषा लड़ते रहूंगा और जितना हो सकता है मैं गाँव-गाँव में समस्याओं के निराकरण पर पहल करूंगा। प्रदेष में आज कांग्रेस की सरकार नहीं पर भी मेरे द्वारा क्षेत्र की समस्या, चाहे किसानों के हित की बात हो या बेरोजगारों की बात हो या गाँव में विकास की बात हो। मेरे द्वारा विधानसभा सत्र में हमेषा आवाज उठाते रहा हूँ। मैं आज विधायक हूँ जो विधायक निधि मुझे मिलती है मेरी कोषिष होती है कि प्रत्येक गांव में पहुंचकर निराकरण पर पहल करूं। उक्ताषय के उद्गार क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीष/हरवंष सिंह ने अपने 11 और 12 दिसम्बर के कार्यक्रम में भोरगोंदी, सोनखार, सिंदरसी, बावली, झितर्रा,





नेवरगाँव, सिंद्रादेही, कंचनवाड़ा, रूमाल, धुन्धीटोला, घाट खरपड़ीया, बिछुआ, टिकरी बम्हनी, सारसडोल, गोरखपुर, खामी, पौंड़ी, मलारी, चिखली, अरंडिया के दौरे में गांव गांव में बाजे-गाजे और फटाकों के साथ स्वागत किया गया। उनके संबोधन में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई। उन्होंने कहा कि किसान, बेरोजगार बेहाल हैं। भाजपा ने जो चुनाव के समय किसानों की उपज अधिक मूल्यों पर खरीदने का जो ऐलान किया था आज उनकी उपज नहीं खरीदी जा रही है। बेरोजगार आज इधर-उधर भटक रहे हैं। बिजली की समस्या बनी हुई है। आखिर कौन सा विकास भाजपा के 23 साल के कार्यकाल में हुआ वह आपके सामने है। उनके दौरे कार्यक्रम में घाट खरपड़िया में 25 लाख रुपये का सामुदायिक भवन, सीसी रोड, नलकूप खनन तथा सहजधारा को पर्यटन स्थल में षामिल करने के लिए मैं पूरा प्रयास करूंगा तथा आवष्यकताओं के अनुरूप इन दो दिन के दौरे कार्यक्रम में विभिन्न कार्यों के लिये करोड़ों की घोशणाएं की गई। क्षेत्रीय दौरे कार्यक्रम में साबिर अंसारी, आनंद भगत, बाबूलाल बिसेन, पन्नालाल पटले, रणजीत कुमरे, वीरेन्द्रराज सिंह ठाकुर, गायत्री ठाकुर, उमेद ठाकरे, अषोक षांडिल्य के अलावा जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, सरपंच के अलावा कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी युवा साथी मौजूद थे।

# सात साल से चक्कर काट रहा किसानः क्रेडिट कार्ड से दलाल ने 9 लाख रुपए निकलवाए, किसान को दिए मात्र 2 लाख

**छपारा-** जनपद क्षेत्र ग्रामीण अंचल में आज भी शिक्षा का अभाव और जागरूकता की कमी के चलते बैंकों में छोटे छोटे कामों के लिए दलालो की जरूरत पड़ती हैं जिसका फायदा ये शातिर दलाल लोग उठाते है, वहीं शासकीय बैंकों की कार्य प्रणाली भी ऐसी है कि अनपढ़,गरीब किसान का कोई काम बिना किसी के मदद के नहीं होता। जब तक दलाल ना बोले अधिकारी किसान से बात तक नहीं करते हैं।
वहीं दूसरी ओर बैंकों की दलाली करते-करते कई लोग लखपति,करोड़पति हो गए जिसके कारण ठगे और लूटे हुए किसान थाना कचहरी के चक्कर काटते देखे जाते हैं।
इसी तरह का एक मामला छपारा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीजा देवरी का प्रकाश में आया जहां के आदिवासी किसान नेहत लाल सरवाती पिता गाल झरिया ने अपनी पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि बैंक के एक दलाल शहजाद खान निवासी ग्राम सागर एंव पुसू उट्टी पिता प्रताप उट्टी ग्राम बीजादेवरी निवासी ने सात साल पहले छपारा नगर की इलाहाबाद बैंक शाखा से दोनों दलालों के माध्यम से बैंक में किसान क्रेडिट कार्ड अंतर्गत 9 लाख रुपए फाइनेंस कराया गया था जिसमें 23 जनवरी 2018 को 1 लाख 95 हजार रुपए किसान द्वारा बैंक से निकाला गया एवं शेष राशि उक्त किसान के सेंट्रल बैंक शाखा छपारा के बचत खाता क्रमांक 35908029 29 में 23 जनवरी 2018 को ही ट्रांसफर करा दी गई,जब किसान अपने शेष सात लाख रुपए लेने में बैंक पहुंचा तो किसान को शहजाद खान ने रोक लिया और कहने लगा कि आज बैंक का सर्वर डाउन है तुम खाली विड्राल फॉर्म में हस्ताक्षर कर दो और तुम कल आओगे तो मैं तुम्हें तुम्हारे पैसे दे दूंगा ऐसा कहकर बैंक के विड्रॉल फॉर्म में हस्ताक्षर करा लिया वहीं दूसरे दिन जब किसान उससे मिला और अपने शेष पैसे मांगे तो वह किसान को हीला हवाला करता रहा की आज नही कल पैसे मिल जाएंगे कह कर लटकता रहा। जब 2 दिन बाद उक्त किसान बैंक गया तो पता चला कि खाते से पैसे निकल लिए गए थे।
शहजाद ने किसान के खाते से राशि दुसरे अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दिया था जिसकी जानकारी किसान को बैंक स्टेटमेंट द्वारा प्राप्त हुई। इस तरह सात लाख रुपए में से 25 जनवरी 2018 को 4 लाख रुपए पूसु उट्टी पिता परताप उट्टी बीजा देवरी के खाते में ट्रांसफर कर दी गई और उसी दिन 25 जनवरी- 2018 को 3 लाख रुपए इसराइल कुरैशी के खाते में ट्रांसफर कर दी गई है जब किसान ने शहजाद खान से पूछा कि मेरे खाते के पैसे कहां गए तो उसके द्वारा कहा गया कि मुझे पैसे लग रहे थे में तुम्हे 10 -15 दिनों में वापस कर दूंगा।

### वास्तविक घटनास्थल का पता लगाने के लिए तैनात की गई 3 टीमें

# करंट लगने से हुई बाघ की मौत!

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी के बोनकट्टा सर्किल के आंजनबिहरी बीट के कक्ष क्रमांक 562 में मिले मृत बाघ की मौत की प्रारंभिक पुष्टि हो गई है। पीएम के बाद यह साफ हो गया है कि करंट लगने से ही नर बाघ की मौत हुई है। पहले वन विभाग ने बाघिन होने की बात कहीं थी लेकिन आज जब वरिष्ठ अधिकारी और एनसीटीए के सदस्य और चिकित्सकों की टीम मौका स्थल पहुंची तो उन्होंने बाघ होने की पुष्टि की। बाघ की उम्र तरकरीबन डेढ़ वर्ष के आस-पास की बताई गई है। जहां बाघ का शव मिला था उसी स्थान पर पीएम के बाद अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक करंट से बाघ की मौत होने के बाद कक्ष क्रमांक 562 में शव को लाकर फेंका गया है। बाघ की मौत अनुमानित तीन दिन पहले ही हुई है। ऐसे में वास्तविक घटनास्थल का पता लगाने के लिए जांच दल गठित किए गए है। शुक्रवार की दोपहर साढ़े 3 बजे राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार बाघ के शव का पोस्टमार्टम कर प्रोटेकाल के साथ विधिवत अंतिम संस्कार यानी दहन किया गया। मुख्य वन संरक्षक गौरव चौधरी, वन मंडल अधिकारी नित्यानयम एल, वन मंडल अधिकारी अरिहंत कोचर,





एसडीएम के.सी.ठाकुर, उपवन मंडल अधिकारी बी.आर. सिरसाम, तहसीलदार गीता राहंगडाले, वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार, एनटीसीए प्रतिनिधि डॉ मोहनिश पिछोड़े, मुकेश बिसेन, पशु चिकित्सक डॉ संदीप अग्रवाल (कान्हा टाइगर रिजर्व), डॉ देवव्रत डहेरिया, डॉ विजय मानेश्वर और सरपंच दिनेश पुष्पतोडे की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। चिकित्सकों की टीम ने मृत बाघ का पीएम करते हुए पुष्टि की है कि बाघ की मौत करंट लगने से हुई है बाघ के मुंह में करंट लगा है।

#### वन्य प्राणियों से फसलों को बचाने लगाया जाता है करंट

उल्लेखनीय है तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के पठार अंचल के वनों से सटे कई गांवों में धान और गन्ना उत्पादक कुछेक किसान आज भी वन्य प्राणियों से फसलों की सुरक्षा करने के लिए अपने खेतों में बिजली का करंट लगाते है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी तरह के करंट की चपेट में आकर बाघ की मौत हुई है। हालांकि यह घटना कहा घटित हुई है। इसकी जांच के लिए 3 टीमों का गठन किया गया है। डॉग स्क्वायड की भी मदद ली गई जिसने आज जंगल के भीतर करीब 01 किमी दूर तक घूमकर साक्ष्य जुटाने की कोशिश की लेकिन कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिल पाया है। टीम ने घटनास्थल की जांच की तहकीकात शुरू कर दी है। बता दें कि गुरूवार की शाम करीब साढ़े 04 बजे के आस-पास जंगल की ओर से वापस घर की तरफ लौट रहे गांव के दो लोगों ने सबसे पहले वन्य प्राणी के शव को देखा। जिसकी सूचना सुरक्षा श्रमिक को दी थी और शाम ढलते तक यह खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई थी। आज शुक्रवार को बाघ का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं बाघ की मौत पर चल रही सभी तरह की अटकलों पर विराम लग गया और एक बात साफ हो चुकी है कि बाघ की मौत करंट की चपेट में आने से हुई है।

#### संदिग्धों से पूछताछ करना बड़ी चुनौती

एक बात तो साफ है कि करंट की चपेट में आने से ही बाघ की मौत हुई है और घटनास्थल कहीं और का है, बाघ को कक्ष क्रमांक 562 में लाकर फेंका गया है। वन विभाग ने घटनास्थल की जांच के लिए 3 टीमों का गठन भी कर दिया है लेकिन इसके बावजूद संदिग्धों से पूछताछ करना वन विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नही है। क्योंकि इस तरह की घटना के बाद वन विभाग अगर थोड़ी भी सख्ती दिखाकर संदिग्धों से पूछताछ करता है तो गांव में वन विभाग की इस तरह की सख्ती की कार्रवाई का विरोध होता दिखता है। इस बीच अगर वन्य प्राणी किसी इंसान का शिकार कर ले तो ग्रामीण अपना सारा गुस्सा तब उजागर करते है। पूर्व में कुड़वा में वन विभाग पर हुए पथराव की घटना और अंबेझरी में वन परिक्षेत्र अधिकारी से हुई धक्की मुक्की की घटना इस बात का प्रमाण है।

#### इनका कहना है

गुरूवार की शाम ही टाइगर की मौत की जानकारी आई थी चूंकि बाघ की मौत संदिग्ध थी इसलिए कोई हाथ नहीं लगा सकता था आज डॉग स्क्वायड के आने के बाद ही शव को हाथ लगाया गया तो बाघ होने की पुष्टि हुई है। करंट की चपेट में आने से मौत हुई है घटनास्थल का पता लगाने के लिए तीन टीमों को गठन किया गया है।

**नित्यनतम एल**
**वनमंडल अधिकारी**

### शराब के नशे में युवक ने किया कृत्य

## शिव मंदिर के घड़े में नॉनवेज की ग्रेवी डालने वाला गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में शिवलिंग के जलपात्र में नॉनवेज ग्रेवी डालने के आरोप में शुक्रवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी योगेश नागवंशी (40) को घटना के छह घंटे के अंदर पकड़ लिया। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी योगेश नागवंशी ने अत्यधिक शराब के नशे में इस कृत्य को अंजाम दिया। उसने बताया कि एक जन्मदिन की पार्टी में बनी नॉनवेज ग्रेवी बची हुई थी, जिसे वह अपने साथ ले आया था। शमशान घाट के पास शराब पीने के बाद उसने नशे की हालत में यह ग्रेवी शिवलिंग के जलपात्र में डाल दी, जिससे वह छलककर शिवलिंग पर गिर गई।

प्रभारी सीएसपी प्रतिष्ठा राठौर ने बताया कि 11 दिसंबर को हुई इस घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में छह टीमों का गठन किया गया था।

गहन जांच, मुखबिरों की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बालाघाट के स्नेह नगर निवासी योगेश पिता सहदेव नागवंशी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उससे आगे की पूछताछ कर रही है।

इस गंभीर मामले के सामने आने के बाद सनातन धर्मावलंबियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की थी और अज्ञात आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की थी। पुलिस की तत्परता से की गई कार्रवाई और आरोपी की गिरफ्तारी से धार्मिक भावनाओं को आहत होने से उपजा आक्रोश शांत हुआ है। घटना का वीडियो गुरुवार को सामने आया, जिसमें तीन युवाओं ने इस वारदात को करते नजर आ रहे थे।

#### बैंक सीईओ व उपायुक्त ने किया धान खरीदी केन्द्रो का निरीक्षण

**बालाघाट।** कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में 12 दिसंबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अभिनव सिंह बघेल एवं राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता बालाघाट, श्री पटले वेयर हाउस द्वारा धान खरीदी केन्द्र परसवाड़ा और मगरदर्रा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान केन्द्रो में तौली गई धान के बोरो का वजन करवाया गया। इसके अलावा नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान की नमी की जानकारी ली गई। खरीदी केन्द्रो में पहुंचे किसानों से भी चर्चा की गई। धान उपार्जन कार्य में लगे कर्मचारियों को अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि धान उपार्जन नीति के अनुरूप खरीदी का कार्य किया जावे। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जायेगा यदि लापरवाही पाई जाती है तो निश्चित तौर कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। खरीदी केन्द्रो की पंजीयां, पंजीयन, बारदारो, पेयजल, किसानों की बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरो का जायजा लिया गया। बैंक सीईओ श्री बघेल ने बताया कि 12 दिसंबर की सायं तक 30175 किसानों से 1395274 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

#### सुशासन दिवस पर 24 दिसम्बर को दिलायी जायेगी शपथ

**बालाघाट।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। बुधवार 24 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ दिलाई जायेगी।

### रेत खनन एवं परिवहन के लिए बनाया गया पुल ध्वस्त किया गया

## खनिज, राजस्व एवं पुलिस की टीम द्वारा सिवनघाट में की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर खनिज, राजस्व एवं पुलिस की टीम द्वारा 12 दिसम्बर को खैरलांजी तहसील के अंतर्गत ग्राम सिवनघाट में वैनगंगा नदी से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन रोकने बड़ी कार्यवाही की गई है। महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया जिले के व्यापारियों एवं ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से रेत का खनन करने की शिकायत प्राप्त होने पर यह कार्यवाही की गई है।

12 दिसम्बर को खैरलांजी तहसीलदार सुश्री छवि पंत, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी रामसिंह पटेल, नायब तहसीलदार डीएल परते, खनिज निरीक्षक सुरेश कुमार कुलस्ते, दुर्गेश डेहरिया, रजनीश तिवारी, परसराम कोकोटे, मोनू ठाकुर, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, कोटवार एवं अन्य लोगो की टीम द्वारा ग्राम सिवनघाट पहुंचकर कार्यवाही की गई। टीम ने मौके पर पाया कि रेत का अवैध रूप से खनन करने के लिए नदी पर पुल बना लिया गया है। टीम द्वारा जेसीबी मशीन से इस पुल को ध्वस्त कर दिया गया है, जिससे नदी में रेत खनन के लिए वाहनों का आवागमन न हो सके।



खनिज निरीक्षक श्री कुलस्ते ने बताया कि 12 दिसम्बर को गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए डम्बर क्रमांक एमपी-50-एच-1395 को किरनापुर तहसील के ग्राम हिर्री में जब्त किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में रेत एवं खनिज के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी जारी रहेगी और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही की जाएगी।

## चरेगांव स्थित धान उपार्जन केंद्र में चोरी, 20 बोरा धान गायब

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के चरेगांव स्थित धान उपार्जन केंद्र से अज्ञात चोरों ने 20 बोरी धान चोरी कर ली। चोरी हुए धान की अनुमानित कीमत 19 हजार रुपए बताई जा रही है। इस घटना के बाद केंद्र प्रभारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

यह चोरी लामता क्षेत्र के चरेगांव उपार्जन केंद्र पर हुई, जिससे केंद्र में हड़कंप मच गया। केंद्र प्रभारी ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और फिर पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया है और अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।




इस घटना ने चरेगांव उपार्जन केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। धान खरीदी शुरू होने से पहले कलेक्टर मृणाल मीणा ने सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए थे, लेकिन इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

किसानों का आरोप है कि केंद्रों पर रात्रि सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है। वहां न तो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और न ही सुरक्षा गार्डों की तैनाती की गई है। धान खरीदी के इस महत्वपूर्ण समय में हुई चोरी से किसानों में चिंता बढ़ गई है। किसान प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की गई तो भविष्य में और भी बड़ी घटनाएं हो सकती हैं।

पुलिस ने घटना के बाद आसपास के इलाकों में जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह चोरी रात के में की गई, जिससे चोरों को केंद्र की गतिविधियों की पूरी जानकारी थी। पुलिस केंद्र के मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

केन्द्र में धान चोरी की घटना के बाद किसान, खरीदी केंद्र प्रभारी और ग्रामीणों ने धान उपार्जन केंद्र पर रात्रि सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

### खरीदी केंद्रों का निरीक्षण नहीं करने पर जेएसओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

# मगरदर्रा के केंद्र प्रभारी को निलंबित करने के निर्देश

#### उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने की धान खरीदी की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर को जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की विस्तार से समीक्षा की गई और धान की व्यवस्थित खरीदी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर, उप पंजीयक सहकारी समिति श्री राजेश उइके, वेयर हाउस के प्रबंधक श्री पटले, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनिल किरार एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

धान का परिवहन नही करने पर परिवहनकर्ता पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

बैठक में सर्वप्रथम खरीदी केंद्रो पर खरीदे गए धान एवं उसके परिवहन की जानकारी ली गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने धान की खरीदी में गड़बड़ी किये जाने पर मगरदर्रा के प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिये। बिरसा के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा खरीदी केंद्रो का निरीक्षण नही करने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए कि क्यों न इस लापरवाही के लिए उनके विरूद्ध अनुशासनात्क कार्यवाही की जाए। खरीदी केंद्रो से धान का परिवहन कर गोदाम पहुंचाने के लिए अनुबंधित परिवहनकर्ता मेसर्स पंकजम इंटरप्राईजेस द्वारा बालाघाट एवं लालबर्रा के खरीदी केंद्रो से धान का परिवहन नही करने पर उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये गए।



कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में सख्त निर्देश दिये कि धान का परिवहन करने वाले ट्रकों में जीपीएस अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए और कंट्रोल रूम से प्रत्येक ट्रक की लोकेशन ट्रेक की जाए। ट्रक में खरीदी केंद्र से धान के परिवहन के दौरान लोडिंग करते समय एवं गोदाम में अनलोडिंग करते समय अधिक समय नही लगना चाहिए। यह कार्य शीघ्रता से किया जाना है। कलेक्टर श्री मीना ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, मंडी निरीक्षक एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अमले को सभी खरीदी केंद्रो की सतत निगरानी करने और भंडारण गोदाम का नियमित रूप से सत्यापन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी केंद्र पर व्यापारी या बिचौलिये का धान किसान के नाम पर नही खरीदा जाना चाहिए। यदि कहीं पर भी ऐसा होना पाया जाता है तो दोषी व्यक्ति के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराए।

#### शाउवि किरनापुर में एक दिवसीय स्काउट गाइड एवं रेडक्रास हाईक का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में प्रति वर्षानुसार प्राचार्य श्रीमती अनिता तारन के निर्देशन में स्काउट गाइड एवं रेडक्रास के द्वारा एक दिवसीय हाइक का आयोजन दिनांक 11दिसम्बर 2025 को किया गया।हाइक कि रवानगी हाइक स्थल बोरवन फारेस्ट के लिए सुबह 8-30बजे की गई वन ग्राम नंदोरा में पहुंचकर नशा मुक्ति अभियान जागरुकता रैली स्काउट मास्टर मकबूल मोहम्मद कुरेशी के कुशल नेतृत्व में निकाली गईं। जिसमें नशाबंदी संबंधित विभिन्न नारे लगाए गए जैसे नशे से दूरी है बहुत जरूरी, शराब छोड़ो मस्त रहो, जनतंत्र ने ठाना है नशे को बन्द कराना है,नशा जो करेगा, बैमोत मरेगा, नशे से दोस्ती जीवन से मुक्ति ,देश को बचाना है नशे को बंद कराना है इत्यादि नशा मुक्ति नारे लगाकर गांव के लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया गया इसके पश्चात हमारा हाइक दल हाइक स्थल नदी के किनारे प्रकृति कि वादियों में बोरवन पहुंचा यहां स्काउट गाइड दल एवं रेडक्रास दल द्वारा टैंट बनाए गए गजट बनाए गए ध्वजारोहण किया गया स्काउट गाइड में भर्ती हुए नए सकाउट गाइड को दीक्षा संस्कार कराया गया टैंट का निरीक्षण एवं स्काउट गाइड एवं रेडक्रास के विधार्थियों का अनुशासन देखने के लिए मुख्य अतिथि श्री डी.एल.राहंगडाले काउन्सलर, विशेष अतिथि श्री राजेन्द्र हाथीमारे सेवानिवृत शिक्षक,प्रभारी प्राचार्य श्री डी.आर.पट्टावी द्वारा किया गया। कैम्प फायर का भी आयोजन किया गया अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता देकर किया गया स्काउट गाइड प्रभारी घनश्याम रामटेके ने शमा है सुहाना गीत गाकर हाइक स्थल में शमां का माहौल बांध दिये इसके पश्चात स्काउट गाइड रेडक्रास के विधार्थियों द्वारा बनाया गया स्वादिष्ट भोजन सभी ने किया ।सभी ने हाइक स्थल पर भरपूर आनंद लिया।

इस हाइक को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य श्री डी.आर.पट्टावी स्काउट मास्टर मकबूल मोहम्मद कुरेशी, स्काउट गाइड प्रभारी घनश्याम रामटेके गाइडर वन्दना पटले रेडक्रास प्रभारी सुरेन्द्र चित्रीव एवं क्लर्क आशा मर्सकोले का सराहनीय योगदान रहा। मंच संचालन सुरेन्द्र चित्रीव द्वारा किया गया,अन्त में शाम 5बजे हमारा हाइक दल उक्त स्थल से रवाना हो गया और 5.30 बजे विद्यालय पहुंच गया। हाइक मनोरंजक, प्रेरणादाई ,सुखद एवं मनमोहक रही सभीका सहयोग काबिले तारीफ रहा।

#### श्री शिव साईं मंदिर का वार्षिक उत्सव शुरू

**बालाघाट।** बालाघाट में श्री शिव साईं मंदिर का 20वां वार्षिक उत्सव शुक्रवार को शुरू हो गया। तीन दिवसीय इस उत्सव के पहले दिन साईं बाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। श्री शिव साईं मंदिर ट्रस्ट यह वार्षिक उत्सव मना रहा है, जो 12, 13 और 14 दिसंबर को विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जा रहा है। शोभायात्रा में बेटियां और महिलाएं 108 कलश लेकर शामिल हुईं। यह यात्रा मंदिर से शुरू होकर महावीर चौक, मेन रोड, राजघाट चौक, काली पुतली चौक, आम्बेडकर चौक, गोंदिया रोड, हनुमान चौक, मेन रोड, सुभाष चौक होते हुए वापस मंदिर पहुंची। यात्रा के बाद प्रथम दिन का पूजन संपन्न हुआ।

### सूर्यपुत्र भैयासाहेब अर्थात यशवंतराव आंबेडकर जी की जयंती एवं सर्कल शाखा भालवा(किरनापुर)का पुनर्गठन समारोह सम्पन्न

## चैत्यभूमि मुम्बई एवं बौद्धाचार्य के जनक भैयासाहेब आंबेडकर-डॉ.चरनदास ढेंगरे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय बौद्धों की सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया(मीराताई आंबेडकर) तहसील शाखा किरनापुर जिला बालाघाट मप्र के तत्वावधान में आज दिनांक 12/12/2025 को भालवा सर्कल मुख्यालय तहसील किरनापुर में सूर्यपुत्र भैयासाहेब अर्थात यशवंतराव आंबेडकर जी की जयंती एवं संस्था की सर्कल शाखा भालवा का पुनर्गठन समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.चरनदास ढ़ेंगरे संस्था के मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष एवं केंद्रीय शिक्षक मप्र बालाघाट,अध्यक्षता दुरेन्द्र सावनकर तहसील अध्यक्ष एवं माजी श्रामणेर बौद्धाचार्य किरनापुर जिला बालाघाट,प्रमुख अतिथि अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट,विशेष अतिथियों में हरिचंद्र गौरकर तहसील उपाध्यक्ष एवं माजी श्रामणेर बौद्धाचार्य किरनापुर, योगराज ऊके तहसील उपाध्यक्ष बालाघाट,जी डी चोरे,डॉ सुभाषचंद्र रंगारे,योगराज पटले अध्यक्ष ग्राम शाखा भालवा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर सभी अतिथियों ने भैयासाहेब यशवंतराव आंबेडकर जी की जिवनी पर उद्बोधन दिए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.ढेंगरे जी ने भैया साहेब के संघर्ष पूर्ण जीवन की विस्तृत जानकारियां



दि,उन्होंने बताया कि चैत्यभूमि मुम्बई के निर्माता,बौद्धाचार्य प्रशिक्षण शिविर के जनक भैयासाहेब थे। पुनर्गठन समारोह के विषय में उन्होंने बताया कि बाबा साहेब के सम्यक संकल्प की पूर्ति हेतु संस्था द्वारा शाखाओ का गठन/पुनर्गठन, धम्म प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।भालवा सर्कल के पुनर्गठन में अध्यक्ष-डॉ.सुभाषचंद्र रंगारे,महामंत्री-जी डी चौरे, कोषाध्यक्ष- सरोज डोंगरे, उपाध्यक्ष तिजुलाल खोबरागड़े (मड़कपार)दुर्गावती वासनिक, हेमराज वैद्य,बिरज वासनिक आदि पदाधिकारी यो मनोनीत कर नियुक्तियो का शाखा मान्यता पत्र प्रदाय किया गया।इस समारोह में भालवा,रटापायली, मानागढ़, सुशवा, मोहगांव,कुंडे, खपराझरी,गोदरी,केसा,साल्हे, करियादंड,नेवरगांव,नंदोरा,बक्कर आदि 20 से अधिक ग्राम शाखाओं के सैकड़ों पदाधिकारी शामिल थे,समारोह सम्पन्न कराने में ग्राम शाखा भालवा के एवं क्षेत्र के संस्था के पदाधिकारी यो का सक्रिय सहयोग रहा।